>

Title: Need to release adequate funds from Central Road Fund for repair and maintenance of roads in Begusarai Parliamentary Constituency, Bihar- Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राजकीय राजमार्गो, प्रमुख जिला सड़कों, राट्रीय राजमार्गो और ग्रामीण सड़कों से भिन्न अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के सुधार से संबंधित प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। इस मद में बिहार राज्य में बहुत कम योजनाएं स्वीकृत हुई हैं जबकि राज्य का सड़कों के सुधार की व्यापक जरूरत है। मेरे संसदीय चुनाव क्षेत्र बेगुसराय में चार जिलों (शेखपुरा, लखीसराय, जमुई तथा बेगुसराय) की कई महत्वपूर्ण सड़कें आती हैं, जिनका जीर्णोद्वार आवश्यक है। मैं उक्त योजना के अंतर्गत निम्नलिखित सड़कों के सुधार कार्य की अनुशंसा करता हूं। 1. बरबीधा से शेखपुरा. सिकन्दरा. जमुई, 2. शेखपुरा से लखीसराय, 3. शेखपुरा से मेहूस. माफो. शहरा रोड, 4. शेखपुरा. अरियरी. शाहपुर मोड, 5. शेखपुरा. आढ़ा रोड, 6. टॉटी से हथियॅावा. हथियॅावा से शेखपुरा मेहॅूस रोड, 7. लखीसराय. सिकन्दरा रोड से प्रतापपुर रोड।

मैं जल भूतल परिवहन मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि उक्त सड़कों की स्थिति को वर्तमान वित्तीय वर्ा में बेहतर बनाने हेतु मंत्रालय की योजना में शामिल करने का कट करें।